पत्रांक–9 / सै0 विविध (कार्यशाला) 41 / 2023–1277 (9A) / रा0,

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

जय सिंह,
सचिव।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–06/05/26

विषय – राजस्व विभागीय कार्यक्रमों / ऑनलाइन सेवाओं की प्रगति का VC के माध्यम से प्रतिदिन समीक्षा के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आम रैयतों / भू–धारियों को भूमि संबंधी मामलों का त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन की सुविधा प्रदान करने हेतु राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएँ / कार्यक्रम / ऑनलाइन सेवाएँ संचालित है। विभाग द्वारा संचालित इन इन योजनाओं / सेवाओं का क्षेत्रीय (अंचल) स्तर पर क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा विभाग स्तर से **प्रतिदिन 03:30 बजे अपराह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक** विडियों कॉन्फ्रेंसिंग (VC) के माध्यम से किया जाना है। उक्त VC के माध्यम से निम्नांकित **08** विषयों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी :–

(1) ऑनलाइन दाखिल–खारिज।
(2) ऑनलाइन परिमार्जन (परिमार्जन प्लस)।
(3) ई–मापी।
(4) अभियान बसेरा।
(5) सरकारी भूमि का सत्यापन।
(6) राजस्व महा–अभियान।
(7) लोक भूमि अतिक्रमण।
(8) लोक शिकायत।

2. उक्त समीक्षात्मक बैठक में कार्यों की प्रगति की समीक्षा सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत किसी वरीय विभागीय पदाधिकारी के स्तर से की जाएगी। समीक्षात्मक बैठक विभागीय VC कक्ष अथवा सचिव के कार्यालय कक्ष में आयोजित की जाएगी।

3. VC के माध्यम से प्रतिदिन राज्य के किसी 02 अंचल के कार्यों की समीक्षा की जाएगी, जिसमें संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी भाग लेंगे। विभागीय आई0टी0 मैनेजर द्वारा प्रतिदिन 10:00 बजे पूर्वाह्न में समीक्षा हेतु चयनित अंचल की सूचना तथा VC का लिंक सभी संबंधितों को उपलब्ध करायी जाएगी।

अतएव अनुरोध है कि विभाग स्तर से प्रतिदिन की जानेवाली राजस्व विभागीय समीक्षात्मक बैठक में अनिवार्यतः भाग लेने हेतु सभी अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी को अपने स्तर से भी निदेशित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

6/5/26

(जय सिंह)
सचिव।

90

E:\2026\9A\Letter_2026.docx

ज्ञापांक–9 / सै0 विविध (कार्यशाला) 41 / 2023–1277(9A) / रा0, पटना–15, दिनांक–06/05/26

प्रतिलिपिः– सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार / सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बिहार / सभी अंचल अधिकारी, बिहार / सभी राजस्व अधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(जय सिंह)
सचिव।

ज्ञापांक–9 / ऑनलाईन (सेवाएँ) 01 / 2021–1277(9A) / रा0, पटना–15, दिनांक–06/05/26

प्रतिलिपिः– आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(जय सिंह)
सचिव।